खबर संक्षेप

## जनवरी माह में सेवा निवृत 9 शिक्षकों का सम्मान हुआ

**मण्डला।** बुधवार को सहायक आयुक्त कार्यालय मंडला में जिले भर के जनवरी माह में सेवानिवृत हुए 9 शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन मंडला के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त श्रीमती वंदना गुप्ता, विशिष्ट अतिथि समाज सेवक एवं स्काउट के मुख्य आयुक्त संजय तिवारी, समाज सेवक एवं स्काउट जिलाध्यक्ष अजय खोत , क्षेत्रीय संयोजक विष्णु प्रसाद सिंगौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डी के सिंगौर ने की। सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान तिलक फूलमाला शॉल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट करके किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षकों ने अपने उद्बोधनो में सेवाकाल में बच्चों के हितार्थ किए गए विशेष प्रयासों की चर्चा की । विशिष्ठ अतिथियों में स्काउट पदाधिकारी संजय तिवारी और अजय खोत ने भी अपने उद्बोधनों में सेवा निवृत्त शिक्षकों के दीर्घायु और स्वास्थ्य बने रहने की कामना के साथ शिक्षकों की सेवाओं को अन्य की सेवाओं से विशिष्ठ बताया और कहा कि वे अपने अनुभवों का लाभ समाज को देकर अपने आगे के जीवन की सार्थकता को बनाए रखेंगे। मुख्य अतिथि की आसंदी से सहायक आयुक्त श्रीमती वंदना गुप्ता ने कहा कि शिक्षक अपने दायित्वों को छोटा न समझे वो अपना श्रेष्ठ देते हैं तभी लोग ऊंचाइयों को प्राप्त करते हैं और श्रेष्ठ नागरिक बनते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा किए गए अच्छे कार्यों का प्रतिफ़ल जरूर मिलता है। उन्होंने ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन द्वारा सेवा निवृत शिक्षकों के प्रतिमाह होने वाले सम्मान कार्यक्रम को शानदार पहल बताते हुए कहा कि विद्यालय स्तर पर तो शिक्षकों का सम्मान होता ही है पर इस तरह जिला स्तर पर समूह में सम्मान कार्यक्रम विशेष महत्व रखता हैं। पिछले सम्मान कार्यक्रम में एसोसिएशन द्वारा की मांग को ध्यान में रखते हुए पत्र जारी कर एसोसिएशन के पदाधिकारियों को पत्र भी सौंपा जिसमें उन्होंने निर्देशित किया है कि एन पी एस योजना से जुड़े शिक्षकों की सेवा निवृति पर भी उनके स्वत्वों के भुगतान की कार्यवाही समय से कर ली जावे। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ने भी शिक्षकों की सेवाओं को नोबल ड्यूटी बताते हुए सेवानिवृत्ति पर उनका सम्मान होना जरुरी बताया। एसोसिएशन की महिला विंग जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना साहू ने अतिथियों और सेवानिवृत शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए सेवानिवृत शिक्षकों से अपील की कि वे अपने अनुभव का लाभ समाज को देते हुए अपने को स्वस्थ और प्रसन्न रखें। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष दिलीप मरावी ने किया। कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सरिता मरावी, मानकली मलगाम, दीपिका वरकड़े,मवई ब्लॉक अध्यक्ष मंगल पंद्रे और स्काउट जिला प्रभारी दिनेश दुबे ने विशेष योगदान दिया।

### सतगुरु बाबा ईश्वर शाह जी के मंडला आगमन पर हुये विभिन्न आयोजन

# शोभायात्रा एवं सत्संग में श्रद्धालुओं ने लिया पुण्य लाभ

*** नगर आगमन पर युवाओं ने निकाली शोभायात्रा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



हरे माधव पूरण सतगुरु बाबा ईश्वर शाह जी का बुधवार को मंडला नगरी में पावन आगमन हुआ। कटरा बाईपास में बाबा जी का स्वागत सत्कार किया गया। नगर आगमन पर सामाजिक,धार्मिक संगठन के द्वारा फूल मालाओं से अभिनंदन किया।नगर आगमन पर पड़ाव से हरे माधव सत्संग भवन सुभाष वार्ड झूलेलाल कॉलोनी तक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें युवाओं और बच्चों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी,खुशियों से सरोबार भक्ति आस्था गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां हुईं और सतगुरु के आगमन पर अपनी खुशियां जाहिर की। भक्तगण हरे माधव हरे माधव के जय घोष लगाते रहे और भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए।




### हरे माधव दिव्य सत्संग, प्रवचन का हुआ आयोजन

संध्याकाल हरे माधव दिव्य सत्संग का आयोजन डिंडोरी मार्ग स्थित लॉन में हुआ जिसमें मंडला के अलावा अन्य शहरों से हजारों श्रद्धालु सतगुरु जी का पावन पुनीत दर्शन,सत्संग वचन श्रवण करने पधारे। सत्संग की शुरुआत हरे माधव सद्ग्रंथ वाणी अरदास से हुई,इसके पश्चात हरिराया सतगुरु जी का आगमन सत्संग पंडाल में हुआ,सतगुरु जी श्री आसन पर विराजमान हुए, हरे माधव रूहानी बाल संस्कार के बच्चों ने श्री चरणों में भावपूर्ण वंदना की,इसके उपरांत सत्संग वचन आरम्भ हुए,सत्संग में हरे माधव सद्ग्रंथ वाणी–वचन आए।₹पूरा गुरु भाव भंजन हारा, पूरा सतगुरु प्रभु ज्यों न्यारा₹ यानि पूरण हरिराया सतगुरु ही परब्रम्ह स्वरूप हैं,इस संसार में भवसागर से उबारने में परम समरथ हैं,जीव चाहे कितने ही तप साधन कर ले,मुक्ति की कुंजी तो केवल हरिराया सतगुरु के ही हाथ है। सत्संग में आई प्रेमी संगतों ने अपने अनुभव साझा किए कि हरिराया सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब जी की दया रहमत,अनंत उपकार,भक्ति द्वारा उनका जीवन जो पहले मुर्झाया सा था,वह अब खिल उठा है,उनके अनेक दुख सतगुरु कृपा से दूर हुए जीवन दान मिला। संगतों-शिष्यों पर प्रेमामय दृष्टि कर निहाल करते रहे। प्रेम, भक्ति और उल्लास से सराबोर यह दृश्य अविस्मरणीय है।

### पावन दर्शन एवं हरे माधव ब्रम्ह भोज का आयोजन

हरे माधव दिव्य सत्संग,प्रवचन के आयोजन के उपरांत पावन दर्शन का सिलसिला चालू हुआ जिसमें कार्यक्रम में आए हजारों श्रद्धालुओं ने क्रमशः सतगुरु बाबा ईश्वर शाह जी के दर्शन किए,माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात हरे माधव ब्रम्ह भोज का आयोजन किया गया जिसमें सभी शामिल जनों ने प्रसादी ग्रहण की।

### हरे माधव दरबार का किया भूमि पूजन

गुरुवार को सतगुरु बाबा ईश्वर शाह के द्वारा बिनैका रोड में निर्माण के लिए प्रस्तावित हरे माधव दरबार का भूमिपूजन किया गया। यहां पर हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति का भवन निर्माण किया जाना है जिसका पुनीत शुभारंभ साईं जी के करकमलों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साध संगत मौजूद रही ।

## पुलिस द्वारा 54 लीटर अवैध रूप से परिवहन करते देशी विदेशी शराब जब्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

दिनांक 06.03.25 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि डिठौरी तरफ से एक सफेद रंग की बिना नम्बर की टीवीएस कंपनी की जुपीटर स्कूटी से 01 व्यक्ति अबैधरूप से भारी मात्रा में अग्रेजी, देशी शराब लेकर महाराजपुर की तरफ आ रहा है। सूचना मिलने पर थाना स्टाफ के ग्राम डुंगरिया पिण्डरई मेन रोड़ पहुंच रेड कार्यवाही में देशी प्लेन मदिरा कुल 44 लीटर 100 एम.एल. शराब कीमती 19600/रूपये, अग्रेजी शराब मेकडाबल न. 01 रम कुल 3 लीटर 750 एम.एल. शराब कीमती 3250/ रूपये, बिलेण्डर की 06 बोतल कुल 4 लीटर 500 एमएल. शराब कीमती 6600/- रूपये, ओल्ड मग 09 क्वार्टर कुल 01 लीटर 620 एम.एल. कीमती 1350/- रूपये, कुल शराब 53 लीटर 970 एमएल कुल कीमती 30,800/- रूपये की तथा एक बिना नम्बर की सफेद रंग की टी.व्ही.एस. कंपनी की जुपीटर स्कूटी कीमती 1,00000 रूपये है की जप्त कर थाना महाराजपुर में अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक ममता परस्ते थाना प्रभारी महाराजपुर, सउनि रमेश पाल, प्र.आर. 156 अरविंद सिंह, प्रियांश पाठक, डेलेन्द्र उइके एवं अन्य स्टाफ की भूमिका रही।

## कलेक्टर ने ली जिला कौशल समिति की बैठक

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवश्यक निर्देश दिए। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करना है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस योजना के कार्यान्वयन में तेजी लाएं और युवाओं को इसका लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। युवाओं को भारत की 500 प्रतिष्ठित कंपनियों में इंटर्नशिप के लिए अवसर प्रदान किए जाएंगे, जिसकी आयु सीमा 21 से 24 वर्ष के बीच हो तथा योग्यता 10वी, 12वी, आईटीआई, स्नातक एवं बेरोजगार के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। बैठक में उन्होंने पात्रता मापदंड, स्टाईपेंड मानदेय, इंटर्नशिप अवधि, योग्यता, आयु आदि की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, प्राचार्य आईटीआई श्री आरएस वरकड़े सहित संबंधित उपस्थित थे।

## आरटीओ का चैकिंग अभियान, लाखों का टेक्स बकाया होते हुए संचालित बस जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश, ग्वालियर एवं कलेक्टर के आदेशानुसार जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती रमा दुबे द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु राजस्व लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त किये जाने के तारतम्य में मण्डला जिले में बकाया कर वाहनों एवं नियम विरूद्ध संचालित वाहनों पर चैंकिग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें दिनांक 06/03/2025 को मण्डला जिले के विभिन्न मार्ग पर वाहनों की सघन चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान 32 वाहनों की जांच की गई, जिसमें बकाया टेक्स, फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, अग्निशमन यंत्र, फर्स्टएड बॉक्स, ओव्हरलोडिंग एवं अधिक किराया लेने आदि की जांच की गई। नियम विरूद्ध चल रहे 5 वाहनों पर मोटरयान अधिनियम 1988 की विभिन्न प्रावधानों के तहत 15000/- रू का समन शुल्क वसूल किया गया एवं एक बस रूपये 129030/- बकाया कर होते हुए संचालित पायी गई, जिसे जप्त कर परिवहन कार्यालय मण्डला में सुरक्षार्थ रखा गया है।

चैकिंग अभियान से वाहन स्वामिओं में भय बना हुआ है एवं दस्तावेज दुरूस्त कराने हेतु परिवहन कार्यालय मण्डला में पहुंच रहे हैं। चैकिंग अभियान में परिवहन कार्यालय मण्डला से राहुल उइके, एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। चैकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

**विरोध प्रदर्शन** | **पैदल मार्च निकालकर मंत्री किया विरोध।**

# मंत्री के बयान से बवाल, कांग्रेस का प्रदर्शन

*** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया ने गांधी वादी तरीके से जताया विरोध।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया



मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार में पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान को लेकर प्रदेश में राजनीति गरमा गई है। शनिवार को पटेल ने गुना के सुठालिया में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर उन्होंने विवादित बयान दे दिया।

उन्होंने कहा कि अब तो लोगों को सरकार से भीख मांगने की आदत पड़ गई है। नेता मंच पर आते हैं तो लोग माला पहनाएंगे और पत्र पकड़ा देंगे, जिसमें कोई न कोई मांग होगी। यह आदत अच्छी नहीं।

जैसा कि आप सभी को विदित ही होगा कि मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री श्री प्रहलाद पटेल द्वारा एक निंदनीय वयान दिया जिसमें उनके द्वारा जनता द्वारा सरकार से की जाने वाली मांगों को ₹भीख मांगना₹ बताया गया है। यह आमजन का अपमान है। सत्ता के नशे में चूर ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के इस बयान के विरोध में मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माननीय श्री जीतू पटवारी जी द्वारा निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया के द्वारा बिछिया विधानसभा के लोकप्रिय विधायक नारायण सिंह पट्टा की उपस्थिति में काली पट्टी बांध कर गांधी गेट से गांधी चौक तक पैदल मार्च निकालकर गांधी वादी तरीके से विरोध प्रदर्शन किया तथा भाजपा शासन के अहंकारी मंत्री प्रहलाद पटेल से इस्तीफे की मांग की गई जिसमे जोश सिंह ठाकुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी टेकराम राय अशोक राजपूत जनपद अध्यक्ष सकुना ऊईके जनपद सदस्य मेवा धुर्वे, सरिता ऊइक सरस्वती धुर्वे अपर्णा मरकाम पार्षद नारायणी साहु त्रिवेणी तेकाम अमर मांडवे अरविंद कुशराम प्रकाश ठाकुर अक्षत झारिया डमरू राजपूत महावीर यादव भोला दास द्वारका राजपूत शकुन भारतीय चमेली धुर्वे कंचन मरावी पूजा पट्टा उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**

## जैन बुधंओं ने धूमधाम से मनाया युगल मुनी द्रव का अवतरण दिवस

गाडरवारा। स्थानीय जैन समाज का आज महान सौभाग्य का दिन है जब नगर में विराजित मुनि आस्तिक सागर और मुनि प्रणीत सागर का जन्म दिन बहुत धूमधाम से मनाया गया। ज्ञात हो कि यह दोनों मुनि जुड़वां भाई है। मुनि श्री आस्तिक सागर ने एमबीए बी फ़ार्मा पढ़ाई की है और मुनि प्रणीत सागर जी ने एमबीए एम कॉम सीए किया है। लाखों का पैकेज छोड़ कर दोनों भाई संसार से विरक्त होकर धर्म के रास्ते पर निकल गये। महान संत १०८ मुनि विशुद्ध सागर आपके गुरु है जिनसे आपने दीक्षा ग्रहण की गई है। इन दोनों मुनी संस्कृत और व्याकरण के महान ज्ञाता है। मुनी द्रव के जन्म दिन पर श्रावकों ने सुबह पाँच बजे दीपक की पंक्ति सजाकर और पाद प्रक्षालन करके उनका स्वागत किया। इस दौरान समस्त जैन समाज से २०० लोगो ने एक साथ मुनी द्रव का पड़ गाहन किया और महिला मंडल और समाज की महिलाओं ने मूनी द्रव को आहार चर्या निरअंतराय संपन्न कराई। इस तरह नगर के इतिहास में पहली बार येसा हुआ समस्त समाज बहुत प्रसन्न है। वही समस्त जैन समाज कमेटी, महिला मंडल, बालिका मंडल, युवा मंडल सभी के सहयोग से कार्यक्रम बहुत सफल रहा। इस मौके पर नगर के आलवा जबलपुर,छिन्दवाड़ा,गोटेगांव से भी श्रावक आये थें।

## आज व कल जनपद पंचायत चीचली की 4 ग्राम पंचायतों में वाटरशेड यात्रा अभियान

हरिभूमि न्यूज/चीचली। संचालक राजीव गांधी जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन मिशन भोपाल के निर्देशानुसार वाटरशेड यात्रा अभियान का आयोजन वाटरशेड विकास घटक, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत चयनित ग्रामों में किया जाना है। इसी के चलते दूसरे घटक के अंतर्गत परियोजना क्रमांक 2 जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत बारहाबड़ा, देवरी, बसुरिया व बारछी में आज 7 व कल 8 मार्च को योजना के विभिन्न आयामों को समाहित कर सम्पूर्ण अभियान का समापन किया जायेगा। इसका मुख्य उद्देश्य है कि विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन कर जनप्रतिनिधियों व स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक ग्रामीणों तक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना- वाटरशेड विकास 2.0 परियोजना की उपयोगिता, किये गये कार्यों, इनके परिणामों और इनसे ग्रामीणों को प्राप्त हुए लाभों के बारे में जागरूकता व सहभागिता को बढ़ावा देना है।

## किसानों के सामने नई परेशानी, मसूर फसल को इल्ली पहुंचा रही क्षति

हरिभूमि न्यूज/चीचली। लगातार परेशानियों से जूझ रहे किसानों के सामने हर वर्ष नये प्रकार की परेशानी खड़ी होने से नही चूक पाती है। क्योंकि शायद ही कभी मसूर फसल में इल्ली का प्रकोप सुना गया हो? मगर इस वर्ष बीते हुये कुछ दिनों हो रहे मौसम में अचानक बदलाव व आसमान पर छाये हुये बादलों के चलते चना फसल के साथ साथ अब मसूर फसल में भी इल्ली का प्रकोप देखने मिलना शुरू हो चुका है। क्षेत्र के किसानों द्वारा अपनी जानकारी में बताया है कि जहां बीते हुये दिनों मौसम के बदलाव चलते खेतों में खड़ी हुई मसूर फसल में तेज ठंड के लग जाने के कारण उसका फूल प्रभावित हुआ है तो दूसरी ओर जितना फूल बच गया है उसमें फल लगने की शुरूआत होती ही अब इल्ली का प्रकोप होने के कारण क्षति पहुंचाना शुरू हो गया है। किसानों का कहना है कि मसूर फसल को इल्ली द्वारा उसकी घेटी कुतर कुतर कर जमीन में गिरा रही है। इस तरह मसूर फसल में जहां पहली बार इल्ली का प्रकोप देखने मिल रहा है। इस तरह हर वर्ष किसानों के सामने नई नई मुश्किते जन्म लेते हुये देखी जा रही है। अब सवाल यह पैदा हो रहा है कि मसूर फसल की सुरक्षा के लिये कौन से उपाय किया जावे। क्योंकि मसूर फसल सबसे नाजुक मानी जाती है और यदि कोई कीटनाशक का छिड़काव किया जाता है कि उसकी क्षति पहुंचने का डर सता रहा है।

# दो साल पहले 24 लाख से भी अधिक राशि खर्च करते हुये चीचली जनपद देवरी में बनाये गये अमृत सरोबर तालाब में नहीं आता है दो बूंद पानी सूखे दिनों की बात तो दूर बारिश में भी नही हो पाता है जल का संरक्षण, सच्चाई उजागर होने के बाद अधिकारियों की चुप्पी खड़े कर ही सवाल...?








हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

सरकार द्वारा पंचायतों के विकास को लेकर जिस तरह से सरकारी धन खर्च किया जा रहा है उसके चलते यदि उस धन को अधिकारियों के द्वारा मात्र 75 प्रतिशत भी निष्ठा के साथ विकास कार्यों में लगाया जावे तो गांवों व क्षेत्र की सूरत बदलने में देर नही लगेगी। मगर जब जिम्मेदार अधिकारी ही पंचायतों में होने वाली गफलत बाजी में अनखेखी करने लगेगे तो फिर विकास कार्यों की कल्पना करना कहा तक संभव हो सकता है? इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि पंचायतों के विकास कार्य वहां के सरपंच सचिवों के माध्यम से कराये जाते है। मगर उन पर नजर रखने के लिये जहां जनपद स्तर से इंजीनियर होते है। वही दूसरी ओर ब्लाक से लेकर जिला स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों द्वारा उन विकास कार्यों का समय समय पर पहुंचकर निरीक्षण करते हुये गुणवत्ता पर पैनी नजर रखने की जिम्मेदारी होती है। यदि इसके बाद भी किसी विकास कार्य में गुणवत्ता को दर किनार किया जाता है तो यह बात अपने आप ही उजागर होने से नही चूक पाती है कि इस गफलबाजी में जनपद से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों की मिली भगत का परिणाम प्रतीत होने से नही चूक पाता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत देवरी ग्राम पिपरिया छीर टोला में दो साल पहले महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के तहत अमृत सरोबर तालाब में देखने मिलने से नही चूक पा रही है। हमारे भारत वर्ष द्वारा देश की आजादी का अमृत महोत्सव वर्ष मनाते हुये ग्रामीण क्षेत्रों के जल स्तर पर सुधार लाने के साथ साथ गर्मी के दिनों में मूक पशुओं को पीने का पानी उपलब्ध कराने की सोच के चलते चिन्हित की गई पंचायतों के लिये अमृत सरोबर तालाब के लिये राशि स्वीकृत की गई थी। सरकार की सोच थी कि इन तालाबों के निर्माण से जहां गांवों में जमीन के नीचे के जल स्तर में सुधार देखने मिलेगा वही दूसरी ओर मवेशियों के लिये पीने का पानी उपलब्ध हो जावेगा। मगर इन अमृत सरोबरों के निर्माण के नाम पर पंचायतों द्वारा सरकारी धन की होली किस तरह खेली गई इस सच्चाई को चीचली जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी की ग्राम पिपरिया छीर टोला में देखने मिल रही है जहा पर पंचायत द्वारा 24 लाख 84 हजार रूपया की राशि खर्च करते हुये बनाये गये इस अमृत सरोबर तालाब में इस समय एक बूंद पानी नजर आने की बात तो दूर सरकारी धन को खर्च करते हुये तालाब के अंदर पुराने पेड़ निर्माण के नाम पर पंचायत द्वारा की गई खुदाई की सच्चाई को अपने आप ही उजागर करते हुये देखे जा रहे है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगर योजना के तहत म.प्र. शासन द्वारा वर्ष 2022-2023 के तहत स्वीकृत किया गया था। वही दूसरी ओर कार्य की प्राक्कलित राशि 24 लाख 84 हजार थी। वही कार्य शुभारंभ की तिथि 11 मई 2022 थी तथा कार्य पूर्ण होने की तिथि का मौके पर मौजूद वोर्ड में उल्लेख ही नही किया गया है। वही इस अमृत सरोबर तालाब के निर्माण में श्रम व सामग्री घटक 12 लाख 95 हजार तथा सामग्री 12 लाख 3 हजार खर्च होना दर्ज किया गया है। वही तालाब निर्माण में कर्यान्वयन एजेन्सी ग्राम पंचायत देवरी पंचाय सचिव तथा अन्य मद के रूप मे 15 वाँ वित्त की राशि 2 लाख 61 हजार रूपया खर्च होने का उल्लेख किया गया है। इस तरह पंचायत द्वारा बनाये गये तालाब की सच्चाई को अगर मौके पर देखी जावे तो जहां खुदाई के हाल इस तरह से दिखाई दे रहे है कि पूर्व में यहां पर बने हुये खेतों की मेडे जहां स्पष्ट रूप से नजर आने से नही चूक रही है। वही दूसरी ओर यहां पर पहले से खड़े हुये पेडो के ठूंट निर्माण कार्य में हुई गफलत बाजी का आईना दिखाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है..? इतना ही नही ग्रामीणों के कहना है यहां पर पहले से जंगली नाला निकला हुआ था और आस पास में झुर्रईयाँ थी उन्ही के बीचों बीच मात्र सीमेन्ट की दीवार बनाते हुये इस तालाब का निर्माण किय गया है। वही तालाब निर्माण के दौरान पंचायत द्वारा बनाई गई दीवार भी अपना पहला जन्म दिन मनाने के पूर्व ही जिस तरह टूटते दिखाई देना शुरू हो गई थी। वह संपूर्ण कार्य की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ रह है..? वही दूसरी ओर एक ओर से निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा तालाब के किनारे को पाटने के लिये कुछ पत्थर जरूर लगाये गये है। मगर यदि उन पत्थरों की सच्चाई देखी जावे तो यह प्रतीत होने से नही






चूक रहा है कि यह पत्थर निश्चित तौर से जंगल की भूमि से वन विभाग की मिलीभगत के चलते अवैध खनन किया गया होगा? क्योंकि किसी भी संस्था को वन विभाग की भूमि से इस तरह पत्थर उठान की अनुमति तो होती नही है फिर भी जंगल क्षेत्र मे पैदा होने वाले यह पत्थर इस तालाब के निर्माण में उपयोग होना वन विभाग के अधिकारियों की भूमिका को भी सबालों के घेरे में लेने से नही चूक रहे है? इस तरह जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत देवरी के ग्राम पिपरिया छीर खेडा में पंचायत द्वारा सरकारी धन 24 लाख से भी अधिक की राशि खर्च करते हुये बनाये गये अमृत सरोबर तालाब में जहां गर्मी का मौसम शुरू होने के पहले ही एक बूंद पानी नजर नही आ रहा है। वही दूसरी ओर तालाब निर्माण की गुणवत्ता को लेकर पंचायत स्तर से लेकर जनपद व जिला स्तर के अधिकारियों की भूमिका को सबालो के घेरे में लाने से नही चूक रही है? सही मायने में देखा जावे तो मौके पर जहां तालाब का स्वरूप ही दिखाई नही दे रहा है। मगर इसके बाद भी सरकारी रिकार्ड में इस अमृत सरोबर में भरे हुये पानी में अधिकारी गोता लगाने से नही चूक रहे है? क्योंकि जब सरकारी धन राशि को खर्च करते हुये पंचायत द्वारा कोई निर्माण कार्य किया जाता है तो उसकी देखरेख जनपद से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा की जाती है। जब इन अधिकारियों द्वारा अपनी ओर से संतुष्टि प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है तभी उस कार्य को पूर्ण माना जाता है? मगर पता नही 24 लाख से भी अधिक राशि से बने हुये इस तालाब को लेकर जिम्मेदार अधिारियों द्वारा अपनी ओर किस तरह का निरीक्षण किया गया होगा जिसके चलते बगैर पानी के तालाब में ग्रामीणजन गोते लगाने से नही चूक रहे है? इस सच्चाई को उजागर किये हुये एक साल से भी अधिक का समय बीते जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी अपनी आप सक्षम अधिकारियों की भूमिका का कटघरे में खड़ा करने से नही चूक रही है। वही दूसरी ओर क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पंचायत द्वारा बनाये गये इस तालाब की जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा निष्ठा के साथ जांच की गई तो निश्चित तौर से पंचायत स्तर से लेकर जनपद व जिला स्तर के अधिकारी बेनकाब होने से नही चूक पायेगे..? वही दूसरी ओर अमृत सरोबर निर्माण की सच्चाई जानने के लिये जब पंचायत स्तर के कर्मचारियों से चर्चा की गई तो अपना नाम उजागर न करने की सर्त पर उनके द्वारा खुले शब्दों में यह कहने से नही चूक रहे है कि हमारे द्वारा जो तालाब बनाये गये है वह बडे अधिकारियों की देख रेख में ही बनाया गया है? यदि कोई गड़बडी निकलती है तो हम अकेले ने थोडी खाये है सबकी सोंझ.... बराबर की हिस्सेदारी है...? बात भी सही है यदि जब तालाब में हुई गफलबाजी की गंगा में जिम्मेदार अधिकारियों ने भी गोता लगाये गये है तो फिर जांच की उम्मीद कैसे की जा सकती है...?

## ओडीएफ घोषित जिले के गांवों में फैल रही गंदगी को अधिकारियों से लेकर पंचायतों द्वारा किया जा रहा नजरअंदाज

हरिभूमि न्यूज/खुलरी। जहां एक ओर बीते हुये लगभग पांच साल पहले केन्द्र सरकार से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा करोड़ो रूपया खर्च करते हुये स्वच्छ भारत की मुहिम चलाते हुये लोगों के घरों में पक्के शौचालयों का निर्माण कराने के साथ साथ जिले के अधिकारियों द्वारा हमारे जिले को सबसे पहले संपूर्ण प्रदेश में ओडीएफ घोषित कराने का खिताब जीतकर वाही वाही लूटने में तो कोई कसर नही छोड़ी गई थी? वही दूसरी ओर स्वच्छता के नाम पर सरकार द्वारा हर वर्ष करोड़ो रूपया खर्च किया जा रहा है जिसक चलते अब ओडीएफ प्लस बनाया जावे। मगर ओडीएफ घोषित हुये इस जिले में स्वच्छ भारत के साथ साथ केन्द्र सरकार के स्वच्छता अभियान को किस प्रकार से ग्रहण लगते हुये देखा जा रहा है उस ओर न तो अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान दिया जा रहा है और न ही ग्राम पंचायतों द्वारा जिसके चलते यह बात उजागर होने से नही चूक पा रही है कि सरकार द्वारा करोड़ो रूपया खर्च करते हुये चलाई जा रही स्वच्छता की मुहिम मात्र कागजों तक ही सीमित होकर रह चुकी है? यदि स्वच्छता अभियान की सच्चाई पर गौर किया जावे तो शासन के आदेश अनुसार यदि क्षेत्र की शुगर मिलो व गुड़ भट्टियों पर काम करने के लिये आने वाले मजदूरों को शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाएं कराने की जिम्मेदार संबंधित मिल या फिर मालिक ही होती है। इन शुगर मिलों व गुड भट्टियों को संचालित करने के लिये जिला प्रशासन द्वारा अनुमति भी उसी शर्त पर प्रदान करने का प्रावधान है जब अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करते हुये इस बात से संतुष्ट हो जावेगे कि काम करने के लिये आने वाले मजदूरों के लिये शौचालय सहित अन्य संपूर्ण व्यवस्थाएं पूर्ण है। मगर इस समय देखने मिल रहा है कि क्षेत्र के संचालित होने वाली शुगर मिलों सहित गुड़ भट्टियों के लिये जहां जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अपने आफिसों के केबिनों में बैठककर लक्ष्मीजी के आर्शीवाद के चलते आंखे बंद करते हुये अनुमतियाँ तो प्रदान की जा रही है, जिसके चलते बाहर से आये हुये हजारों मजदूरों के लिये न तो शुगर मिलों व गुड़ भट्टियों के संचालको द्वारा किसी भी प्रकार से शौचालय की व्यवस्थाएं कराई जा रही है और न ही ग्रामीण क्षेत्रों में गन्ना काटने के लिये पहुंच रहे मजदूरों के लिये शौच क्रिया के लिये कोई प्रबंध किये जा रहे है। जिसका आलम इस प्रकार से देखने मिल रहा है कि गांव गांव पहुंचने वाले इन मजदूरों द्वारा खेतों में अपना डेरा जमाते हुये खुलेआम सड़को के किनारे गंदगी फैलाने से नही चूक रहे है जिसके चलते केन्द्र सरकार से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान को ग्रहण तो लग ही रहा है साथ ही साथ गांवों में बीमारी फैलने की संभावनाओं से इंकार भी नही किया जा सकता है? इस तरह शुगर मिल व गुड भट्टियों से लेकर गांवों में गन्ना कटाई करने के लिये पहुंच रहे इन मजदूरों द्वारा शौचालय संबंधी उचित प्रबंध नही होने की स्थिति में उनके द्वारा जहां तहां फैलाई जा रही गंदगी को लेकर न तो क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है और नही ग्राम पंचायतों के सचिव सरपंचों द्वारा इस सच्चाई के चलते तीन वर्ष पहले ओडीएफ घोषित हुआ जिला पूर्ण रूप से गंदगी से सराबोर होते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा है? जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार से सड़क किनारे फैलाई जाने वाली गंदगी को रोकने के जिम्मेदार पंचायत सचिव व सरपंचों होती है। मगर पंचायतों के सचिव सरपंचों द्वारा जिस तरह कुंभकर्णी निद्रा का प्रदर्शन किया जा रहा है उसके कारण आमजन को जीना मुश्किल होने लगा है? इस तरह सड़क किनारे गंदगी फैलने की सच्चाई का जीता जागता हुआ उदाहरण क्षेत्र के

# देवी भागवत कथा एवं शतचंडी यज्ञ का आज अंतिम दिवस, नारी शक्ति को कभी कमजोर नहीं समझना चाहिये- पं दीनबंधु शरण




हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

स्थानीय पलोटनगंज शक्तिधाम दरबार परिसर में चल रही मां दुर्गा देवी भागवत कथा एवं शतचंडी यज्ञ में जहां श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ रहा है। वही कथा पंडाल में संगीतमय भजनों पर श्रद्धालु भक्ति भाव में लीन होकर झूमते हुए नजर आ रहे हैं। नगर के पलोटन गंज में मां दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित विंशाल धार्मिक कार्यक्रम में छठवें दिन की देवी भागवत कथा में कथावाचक पंडित दीनबंधुशरण शर्मा श्रीधाम वृंदावन ने भक्तों का बडे ही मार्मिक रूप से कथा सुनाते हुये कहा शुंभ निशुंभ ने ब्रह्मा जी से वर प्राप्त किया, हम किसी भी देवता के द्वारा न मारे जाएं हमारी मृत्यु स्त्री के द्वारा हो। तभी जगदंबा मैया ने शुंभ निशुंभ, चंड मुंड रक्तबीज का उद्धार किया। दानव स्त्री शक्ति को कमजोर समझते थें और स्त्री को अबला मानते थें। वह हमें क्या मारेगी, परंतु अंत में स्त्री शक्ति के द्वारा ही मारे गए। नारी को कभी कमजोर नहीं समझना चाहिए। क्योंकि नारी शक्ति में दुर्गा का वास होता है, नारी ने ही नर को जन्म दिया है। अपने परिवार समाज की हर स्त्री का सम्मान करें। यह भी एक प्रकार से दवी आराधना है। क्योंकि कहा भी गया है जहां नारी का सम्मान होता है। वहरं देवता भी निवास करते हैं। कथा में महाराज ने आगे कहा कि मां भगवती का स्वरूप अष्ट भुजाओं पर केनद्रित है, जिसमें समस्त देवी देवताओं की शक्ति का स्वरूप समाहित है। देवी की साधना करने से मनुष्य को अपने जीवन की सभी खुशियां वापस मिलती है तथा मनुष्य ऊर्जावान होकर जीवन में संचार करता है। इस दौरान उन्होंने शुम्भ-निशुम्भ की कथा का वर्णन सुनाया गया। वही इसके अलावा माता कात्यायनी के रूप में शिव द्वारा इंद्र के राज सिंहासन को वापस लौटाने की कथा का भी वर्णन सुनाते हुये उन्होंने असुरों के युद्ध के दौरान मां देवी भगवती के विराट तथा सुन्दर रूप का वर्णन करते हुए मनुष्य को संयम, संकोच, धार्मिक, आचरण, बोध, ज्ञानवान, करुणा भाव तथा मैत्री गुणों को धारण करने की शिक्षा दीक्षा दी। इस मौके पर मां कात्यायनी के जीवन आरम्भ मनुष्य के कल्याण के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य तथा देव मनुष्य तथा असुरों के कल्याण की कथा का भी प्रसंग सुनाया। वही दूसरी ओर शक्तिधाम मंदिर के सामने भव्य यज्ञशाला में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान चल रहे हैं। धर्मप्रेमी जन यहां पहुंचकर यज्ञ शाला की परिक्रमा एवं देवी भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ कमा रहे हैं। शक्तिधाम परिवार द्वारा संगीतमय श्रीदेवी पुराण का विशाल आयोजन एक मार्च से प्रारंभ हो चुका है जो आज सात मार्च को समाप्त होगा। इस तरह आयोजन का आज अंतिम दिवस रहेगा। इस तरह प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से छह बजे तक मंदिर परिसर कथा स्थल पर कथा वाचक पंडित दीनबंधुशरण शर्मा श्रीधाम वृंदावन द्वारा कथा प्रवचनों के चलते जहां धर्म की गंगा बहते हुये दिखाई दे रही है। वही इसके अलावा शतचंडी महायज्ञ में यज्ञाचार्य पंडित भगवानदास शास्त्री इंदौर के सानिध्य में अनुष्ठान किया जा रहा है। बीते हुये सात दिनों से चल माँ देवी दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आज समापन होगा तो दूसरी ओर कल विशाल भंडारे में हजारों की संख्या में भक्त लोग शामिल होकर प्रसादी ग्रहण करेगे।

# नगर की बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था में सुधारने में असफल हो रहा प्रशासन, महानगरों की तरह दिखाई पड़ रहे जाम के नजारे

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

शहर की आबादी बढ़ने,आपाधापी भरे समय में स्वाभाविक तौर से वाहनो, आटो की संख्या में ईजाफा होने, स्कूलो बसो, ट्रको की भरमार होने, अतिक्रमण की गहराती समस्या के कारण नगर की प्रमुख सड़के्र बेजा यातायात का दबाव सहने की स्थिति में दम तोड़ती जा रही है और वही नवनिर्मित सड़कों के भी जर्जर होने की शुरूआत हो गयी है। जिन पर सुबह से अनियंत्रित गति से चल रहे वाहनों से जहां पैदल स्कूलो में जाने वाले बच्चो, राहगीरो, शासकीय कर्मचारियो का सड़कों को पार करना मुश्किल हो रहा है। वही सड़कों के किनारों पर बेतरतीव वाहनों के खड़े रहने से नगर के राठी तिराहे, पलोटन गंज चौराहे, झंडाचौक पर रोज जाम लगने के हालात बन रहे है? इन स्थानों के सकरे पन की वजह से कभी कभार वाहनों का रेला इतना अधिक लग जाता है कि यातायात अराजक हो जाता है और लोगो का परेशानी उठाने मजबूर होना पड़ता है।



वही दूसरी ओर नगर की सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशी भी यातयाता व्यवस्था को पूर्ण रूप से तहस नहस करे हुए है। जिनको हटाने के लिए बीते हुये समय में पूर्व नपा द्वारा हाकां गैंग की शुरूआत की गई थी मगर पता वह अचानक कहा गायब हो चुकी है? वही चल रहे किसानों के कृषि कार्यो के सीजन में जब बाजार गुलजार रहता है तब कई जगह जाम लगने की नौबत आने से आमजनो का सड़को पर चलना दूभर होने के साथ साथ शहर का महौल बड़े महानगरों के समान दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? बताया जाता है कि शहर में अक्सर दिखायी देने वाले जाम के मंजर बाजार में दुकानदारो द्वारा सड़कों के आधे हिस्से पर सामान फैलाने तथा लोगों में अतिक्रमण करने की बढ़ रही प्रवृत्ति की देन है। विदित हो कि बरसो से पुलिस को मिल रही नगर की यातायात व्यवस्था सुचारू रखने की चुनौती को स्वीकार करने में स्थानीय पुलिस नाकाम साबित होते हुये जान पड़ रही है? शहर के थाने में अलग से पर्याप्त यातायात पुलिस कर्मी न रहने से कई महत्वपूर्ण स्थानो पर यातायात पुलिस कर्मी तैनात नही हो पा रहे है, जिससे अनियंत्रित गति से वाहन चलाने वाले मनचाहे ढंग से सड़कों पर वाहन दौड़ा दुर्घटनाओं को निमंत्रण देकर यातायात व्यवस्था को बिगाड़ रहे है। वही शहर वासियों का कहना है कि बदलते समय में शहर के सौन्दर्यीकरण के साथ नगर के युवाओं, नागरिको की चाहत है कि नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार करने शासन प्रशासन हरकत में आएॅ, जिला पुलिस अधीक्षक नगर के थाने में अपेक्षित यातायात पुलिस कर्मियो की तैनाती कराये ताकि शहर के प्रमुख स्थानो पर जाम लगने की समस्या खत्म हो सके।

## नियमों का पाठ पढ़ाने वाली ही तोड़ रहे नियमों की धज्जियां, आम पब्लिक से पालन करने की क्या उम्मीद की जा सकती है

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। शासन द्वारा हर विभाग में अलग अलग नियम बनाते हुए उनका पालन करना सभी के लिए अनिवार्य किया गया है, इसी प्रकार से रेल विभाग द्वारा बनाये गये नियमों का पालन करने के लिए आये दिन सख्त हितायत देते हुए नियमो को तोड़ने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही का भी प्रावधान बनाया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो बगैर किसी ठोस कारण के ट्रेन को रोकने व रेल पटरी पार करने सहित रेल विभाग के अन्य नियम बनाये गये है और यदि कोई इन नियमों का पालन नही करता है तो रेल विभाग द्वारा उसके व्यक्ति विशेष के खिलाफ कार्यवाही करते हुए दंडित भी किया जाता है? मगर अब सबाल यह उठता है कि जब नियमों का पालन कराने के लिए आम लोगों को पाठ पढ़ाने वाले ही उन नियमों की धज्जियां उड़ाने लगे तो फिर आम पब्लिक से क्या उम्मीद की जा सकती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते दिवस उस समय देखने मिली जब स्थानीय रेल्वे स्टेशन पर कुछ वर्दीधारी ही नियमों को दर किनार करते हुये खुलेआम रेल पटरी पार करने से नही चूक रहे थें इस सच्चाई को देखकर लोग यह बात कहने से नही चूक रहे थें कि क्या रेल विभाग द्वारा बनाये गये नियम मात्र आम जनता के लिए ही है? क्योंकि जब हम रेल्वे स्टेशन पर पहुंचते है तो वहां पर लगे हुये स्पीकरों से यह सूचना आये दिन सुनते है कि पैदल रेल पटरी पार करना नियम विरूद्ध है और यदि कोई व्यक्ति पैदल रेल पटरी पार करता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जावेगी, वही दूसरी ओर जिस प्रकार से विभाग के ही अधिकारियों व बर्दीधारी ही खुलेआम रेल पटरी पैदल पार करते हुए देखा गया तो लोग यह बात कहने से नही चूक रहे थें कि नियम सिर्फ आम जनता के लिये होते है विभाग के अधिकारी व कर्मचारी कुछ भी करते हुये उन्हें सभी प्रकार की छूट प्रदान की जाती है?

## खबर संक्षेप



### संकल्प महाविद्यालय ने किया 9वें रोजगार मेले का आयोजन

**अनूपपुर।** संकल्प महाविद्यालय में 9 वें रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन से अनूपपुर जिला न्यायालय के न्यायायिक दंड अधिकारी विनोद वर्मा एवं विधिक सेवा अधिकारी दिलावर सिंह द्वारा की गई। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाविद्यालय द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय कंपनियों एवं हॉस्पिटल को रोजगार मेले में आमंत्रित किया। जिसमें से 25 संस्थाओं ने अपनी सहभागिता दी। जिसमें कंपनियों एवं हॉस्पिटल द्वारा 200 से अधिक युवाओं का नाम संक्षिप्त सूची में लिया। रोजगार मेले में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्य के विद्यार्थियों ने भाग लिया। संकल्प महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सामाजिक तत्वों से अवगत कराना व उन्हें भविष्य में रोजगार के अच्छे अवसर उपलब्ध कराने का सदैव ही कार्य किया जाता रहा है।

### राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में पत्रकारों का हुआ सम्मान



**अमरकंटक।** मां नर्मदा की उद्गम स्थल और पवित्र नगरी अमरकंटक में आयोजित मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में एक अनूठा क्षण देखने को मिला, जब खबरें बनाने वाले पत्रकार स्वयं खबर बन गए। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के इस शिविर के तृतीय दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान किया गया। शिविर में पत्रकार धनंजय तिवारी, श्रवण कुमार उपाध्याय, सोमू दुबे और बिपुल बर्मन बतौर अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. मनोज कुमार अग्निहोत्री ने कहा कि यह गर्व की बात है कि जो पत्रकार आमतौर पर खबरें बनाते हैं आज वे स्वयं इस शिविर का हिस्सा बनकर खबर बने हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनंजय तिवारी ने कहा कि इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर वे और उनके साथी पत्रकार अत्यंत प्रसन्न हैं। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय इस शिविर में प्रदेशभर से आए 600 स्वयंसेवकों को नेतृत्व प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण की शिक्षा दी जा रही है जो एक सराहनीय पहल है। सांस्कृतिक संध्या में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर और विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के स्वयंसेवकों ने जनजातीय लोक नृत्य, लोकगीत, नुक्कड़ नाटक और कविता वाचन जैसी प्रस्तुतियां दीं जिन्हें उपस्थित पत्रकारों और अतिथियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन राज्य एनएसएस अधिकारी राहुल सिंह परिहार ने किया। और उन्होंने अतिथियों का पुष्पगुच्छ शाल और श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर पत्रकारों ने भी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की और उनके द्वारा किए जा रहे सामुदायिक सेवा कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन आत्मीय माहौल में हुआ जिसमें स्वयंसेवकों और अतिथियों के बीच संवाद स्थापित हुआ जो उनके अनुभवों और सीखने की प्रक्रिया को और भी समृद्ध कर गया।

### हाईवे चौकी ने लगाई ट्रैफिक चौपाल

अनूपपुर।

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देश पर यातायात हाईवे चौकी द्वारा अब गांव-गांव जाकर ट्रैफिक नियमों का पाठ पढ़ाया जा रहा है। हाईवे चौकी स्टाफ द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैफिक चौपाल लगाकर विशेष अभियान के तहत यातायात नियमों की शिक्षा और रोड सेंस के बारे में आमजन को जागरूक किया जा रहा है।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया पुतला दहन

# पुतला पुलिस द्वारा जप्त, दूसरे पुतले का दहन

मध्य प्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद पटेल के अशोभनीय टिप्पणी के उपरांत प्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल के निर्देशानुसार सभी ब्लॉक स्तर पर मंत्री प्रहलाद पटेल का पुतला दहन किया जाना था।





डिंडौरी ।

जिसके तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर द्वारा मंत्री प्रहलाद पटेल का पुतला जलाया गया। जनपद तिराहा अमरपुर में पुतला दहन की तैयारी की जा रही थी। तभी स्थानीय पुलिस द्वारा पुतला छीन लिया गया। वहीं पर कांग्रेसियों द्वारा पुलिस को चकमा देकर दूसरे पुतले को आग के हवाले कर कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद एवं प्रहलाद पटेल मुर्दाबाद के नारे लगते रहे। जहां पर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष महेन्द्र ठाकुर, शाहिद तुर्क संगठन मंत्री, संदीप शाह परस्ते मंडलम अध्यक्ष, मल्ली बाई उईके पूर्व जनपद अध्यक्ष, देव सिंह भारती अध्यक्ष सोशल मीडिया विभाग, केवल कृष्ण नेटी अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस, राजेश पाटले आदिवासी कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष, लियाकत अली जिलाध्यक्ष समाज कल्याण प्रकोष्ठ, रामप्रसाद धुर्वे मंडलम अध्यक्ष चांदपुर, गणेश पुषाम मंडलम अध्यक्ष नांदा, ओमप्रकाश उद्दे सेक्टर अध्यक्ष खजरी, इंद्र सिंह परस्ते सेक्टर अध्यक्ष धनवासी, शिव कुमार साहू, कमलेश मरावी, दलसिंह धुर्वे, हम्मी लाल आदि कार्यकर्ताओं ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# कलेक्टर ने सहकारिता विभाग की बैठक ली

डिंडौरी ।



कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभागार में सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक ली। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, सहायक आयुक्त सहकारिता सुश्री शानू चैधरी, नागरिक आपूर्ति निगम प्रबंधक अशोक सिंह राजपूत, उप संचालक कृषि अभिलाषा चैरसिया सहित समिति प्रबंधक, शाखा प्रबंधक और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर मारव्या ने जिले की सभी सहकारिता समितियों की गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि जिले में कुल 44 समितियां संचालित है। कलेक्टर ने समिति के कार्यों की समीक्षा करते हुए कृषक ऋण, टर्म ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, ऋण वसूली की स्थिति,उपार्जन सहित अन्य विषयों की जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने धान उपार्जन की स्थिति के सम्बन्ध में सम्बंधित विभाग से विस्तृत जानकारी ली,उचित जानकारी प्रस्तुत ना करने के सम्बन्ध में कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने नागरिक आपूर्ति निगम के ऑपरेटर को तत्काल प्रभाव से पृथक करने के लिए सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने आगामी गेहूं उपार्जन के लिए तौल व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश देते हुए कहा कि तौल के लिए धर्मकांटा की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए स्थानों का चिन्हांकन करें, अनाज खरीदी और लोडिंग के समय तौल करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर मारव्या ने नागरिक आपूर्ति निगम के सभी गोदामों की वस्तुस्थिति और दस्तावेजों की जांच करने के लिए अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला को निर्देशित किया।

## महाविद्यालयीन छात्रों द्वारा निकाली गई स्वच्छता जागरूकता रैली



**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोदग्राम रामगढ़ में आयोजित विशेष शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा योग क्रियाएं एवं ध्यान मुद्रा तथा इससे प्राप्त होने वाले लाभ की जानकारी प्रदान की गई। तत्पश्चात स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत स्वच्छता श्रमदान किया गया। इसके साथ ही स्वच्छता जागरूकता रैली एवं जनसंपर्क करके ग्रामीणजनों को स्वच्छता का संदेश देते हुए अच्छे स्वास्थ्य एवं बीमारियों से बचाव के लिए संदेश दिया गया। इसके पश्चात संस्था प्रमुख संदीप सिंह की उपस्थिति में बौद्धिक चर्चा के दौरान डॉ. सीमा सस्त्या, डॉ. सुनील काकोड़िया एवं कार्यक्रम प्रभारी रूपेंद्र वरकड़े द्वारा युवा शक्ति विषय पर वक्तव्य प्रस्तुत किए, सभी स्वयंसेवकों ने अपने विचार प्रकट कर वर्तमान परिस्थितियों एवं भविष्य की चुनौतियों एवं उसके समाधान पर चर्चा करते हुए अपने जीवन के लक्ष्य एवं उनको प्राप्त करने हेतु अपने विचार प्रस्तुत किए।

## स्व-सहायता समूह से जुड़कर काम करने से परिवारिक जीवन में आई खुशहाली




डिंडौरी।

आजीविका मिशन के माध्यम से स्व-सहायता समूह से जुडकर काम करने से ग्राम करंजिया निवासी गीता जम्बुक की परिवारिक जीवन में खुशहाली आई। गीता दीदी का परिवार अब आर्थिक रूप से सशक्त हो गया है। गीता दीदी ने बताया कि स्व-सहायता समूह में जुड़ने से पहले उन्हें घर चलाने में काफी समस्या आती थी, आर्थिक तंगी के चलते आए दिन दैनिक जरूरतों के लिए परेशान होना पड़ता था। उन्होंने बताया कि परिवार का भरण पोषण करने के लिए पति-पत्नि दोनों मजदूरी करते थे। साथ ही गुजारे के लिए कर्ज में भी लेना पड़ता था। गीता दीदी ने बताया कि 2015 में उन्हें ग्राम पंचायत के माध्यम से आजीविका अंतर्गत संचालित स्व-सहायता समूह के बारे में जानकारी मिली। जिसमें उन्होंने मोहल्ले की दीदीयों के साथ बैठक कर सिद्धिविनायक स्व-सहायता समूह का गठन कर समूह में जुड़ी। गीता दीदी ने बताया कि समूह में जुड़ने के बाद उन्हें आरएफ, सीआईएफ और सीसीएल की राशि का फायदा हुआ, जिससे उन्हें जीवन स्तर को सुधारने के लिए हौसला मिला, समूह के माध्यम से बैंक से ऋण प्राप्त होने पर उन्होंने किराना दुकान खोला। किराना दुकान चलने के बाद दूसरी बार पुनः ऋण मिलने से गीता दीदी अपने पति के लिए होटल भी खोला। दोनों एक दूसरे के सहयोग से किराना दुकान और होटल को संचालित करने लगे। उन्हें दुकान एवं होटल को सृजन करने हेतु पुनः तीसरे बार ऋण मिला जिससे और अच्छे से दुकान और होटल का संचालन करने में मदद मिली। अब गीता दीदी अपने पति के साथ दुकान और होटल का बेहतर ढंग से संचालन कर अपने बच्चों के साथ जीवन यापन कर रही हैं। गीता दीदी ने बताया कि अब उन्हें अच्छी खासी आमदानी हो जाती है, जिससे उनके परिवार का बढिया से भरण पोषण कर पा रहीं हैं। उन्होंने एक बेटी की शादी भी कर चुके हैं। इस प्रकार गीता दीदी का परिवार अब खुशहाली से जीवन यापन कर रहा है। गीता दीदी ने अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए स्व-सहायता समूह के माध्यम से उनके जीवन में आए बदलाव के लिए आजीविका मिशन और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपंन्न हुई डीएलसीसी की बैठक

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।



कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता एवं शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे और डिंडौरी विधायक ओमकार मरकाम की उपस्थिति में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष डीएलसीसी की बैठक आयोजित हुई। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एलडीएम रविशंकर सिंह, आरबीआई और नाबार्ड प्रतिनिधि सहित सभी विभागीय अधिकारी एवं बैंकर्स उपस्थित रहे। आयोजित बैठक में चालू वित्तीय वर्ष में दिए लक्ष्यों की प्रगति के संबंध में विभागवार समीक्षा की गयी। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने सभी बैंको के सीडी अनुपात की जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि जिले का सीडी अनुपात 52 प्रतिशत है। विधायक धुर्वे ने प्राथमिक क्षेत्र और अन्य क्षेत्र में दिए जा रहे ऋण प्रकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी लेते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में लघु, मध्यम और दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने के लिए प्राथमिकता से कार्य करें और किसान क्रेडिट कार्ड की उपयोगिता को सार्थक करें। उन्होंने सम्बंधित विभाग को किसान क्रेडिट कार्ड के मियादी ऋण की विस्तृत जानकारी आगामी बैठक में प्रस्तुत करने को कहा। स्थानीय लोगों को ऋण उपलब्ध कराने के लिए संबंधित शासकीय योजनाओं की जानकारी उचित रूप से प्रदान करें। बैंक एवं विभाग सुलभ रूप से ऋण उपलब्ध कराएं। उद्यानिकी विभाग प्रसंस्करण इकाई के लिए स्थानीय उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर प्राथमिकता से कार्य करें।

विधायक ओमकार मरकाम ने विभाग द्वारा बैंक में प्रस्तुत ऋण प्रकरण की जानकारी लेते हुए तत्सम्बन्ध में गुणवत्तायुक्त प्रकरण बनाने के लिए सम्बंधित विभागों को निर्देश दिए, उन्होंने स्थानीय लोगों को प्ररित करने की बात कही। बैठक में अटल पेंशन योजना, जन सुरक्षा रिपोर्ट, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। जिसमें बताया गया कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना एवं संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त कर लिया गया है। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना में लक्ष्य के विरुद्ध प्रकरण प्रस्तुत न करने के लिए उद्यानिकी विभाग के प्रभारी अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने शेष लक्ष्यों की पूर्ति करने के लिए बैंक और विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने कहा कि गुणवत्ता युक्त कार्य के लिए प्राथमिकता दें। उन्होंने बैंकिंग के प्रति जागरूकता का प्रसार करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## होली का त्यौहार नजदीक आते ही रंगों और पिचकारियों की धूम

# जिला मुख्यालय सहित कोयलांचल में उत्साह की लहर



अनूपपुर/कोतमा।

होली त्यौहार का आठ दिन शेष बचे हैं। इस बार मोदी थीम वाली पिचकारी और मुखौटे लोगों को खूब भा रहे हैं। बच्चे और युवा बड़े उत्साह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे वाले मुखौटे और उनके डिजाइन की पिचकारियां खरीद रहे हैं। इसके अलावा, भगवान भोलेनाथ के त्रिशूल, डमरू और बांसुरी के डिजाइन वाली पिचकारियों की भी खूब मांग बढ़ गई है। अनूपपुर नगर एवं कोतमा के बाजार में थोक दुकान पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। लोग नए तरीके के पिचकारी, मुखौटे आदि की डिमांड कर रहे हैं। इनमें मोदी-योगी के मुखौटे लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं। वहीं शिव के त्रिशूल और डमरू वाले पिचकारी भी लोगों को भा रहे हैं। दुकानों पर मोदी मुखौटा लगाकर खुद दुकानदार ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस बार त्रिशूल वाली, रॉकेट लॉन्चर डिजाइन और अनार बम जैसी अनोखी पिचकारियां भी लोगों को खूब पसंद आ रही हैं।

### आकर्षित कर रहे तरह-तरह के मास्क

थोक संजय कुमार जैन ने बताया कि इस बार तरह-तरह के मास्क व बिग सभी को अपनी तरफ आकर्षित कर रहे हैं। बच्चों को जहां शेर, कंकाल व स्पाइडरमैन वाले मास्क पसंद आ रहे हैं वहीं रंग-बिरंगे बाल, मास्क, चश्मे, बैंड की भी लोग खूब खरीदारी कर रहे हैं।

### खूब भा रही कुल्हाड़ी व हथौड़ा वाली पिचकारी

सामान्य पिचकारी से अलग हटकर हथौड़ा, कुल्हाड़ी, बाहुबली व मछली के शेप वाली पिचकारी लोगों को खूब भा रही है। यह 200 से 250 रुपये बिक रही है। इसके अलावा मैजिक कलर, मैजिक आइस तथा अनार व फाग स्माग सबकी पसंद बना है। मैजिक आइस के पैकेट में रखी शीशी में रखे पावडर को ग्लास में रखने के साथ ही जैसे ही उसमें पानी डाला जाएगा रंग बर्फ की तरह दिखने लगेगा। यह 30 से 35 रुपये प्रति पीस में उपलब्ध है। रंग पिचकारी के थोक विक्रेता नैमुद्दीन ने बताया कि पिछले साल बुलडोजर थीम वाली पिचकारी की जबरदस्त मांग थी, लेकिन इस बार मोदी जी की पिचकारी की नई वैरायटी आई है, जो 200 से लेकर 400 रुपए तक में बिक रही है। इनमें गन पिचकारी, कलर पाइरो पिचकारी, फाग टाइप कलर स्प्रे और अनार बम पिचकारी जैसी अनोखी वैरायटी शामिल हैं। इसमें कलर पाइरो पिचकारी से फाग की तरह रंगों की बौछार निकलती है, जबकि अनार टाइप बम पिचकारी को जलाने पर अबीर और गुलाल का छिड़काव होता है। इसके अलावा, त्रिशूल डिजाइन वाली और रॉकेट लॉन्चर टैंक सिलेंडर वाली पिचकारी भी खूब बिक रही है। बच्चों से लेकर युवा तक इस बार अलग-अलग थीम वाली पिचकारियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। होली में कुछ नया करने की चाहत में लोग भगवान भोलेनाथ के त्रिशूल और डमरू डिज़ाइन वाली पिचकारी भी खरीद रहे हैं। बाल भी शाहरुख खान अमरीश पुरी मलिंगा मुर्गा बाल भी उपलब्ध है जिसे बच्चे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। दुकानदारों के अनुसार, अभी से लोग होली की खरीदारी में जुट गए हैं और अगले कुछ दिनों में बिक्री और बढ़ेगी। होली का यह बाजार रंगों से सराबोर है, और नए-नए डिजाइनों की पिचकारियां ग्राहकों को खूब लुभा रही हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष होली के सामानों में काफी विविधता देखने को मिल रही है। कारोबारियों ने चार्जेबल इलेक्ट्रिक रैपिड फायर वाटर गन पहली बार बाजार में उतारा है। इसमें रंग भरने के बाद ट्रिगर दबाते ही 15 से 20 फीट दूर खड़े व्यक्ति को रंग से सराबोर कर देगा। इसके अलावा सिलेंडर वाले गुलाल दो व पांच किलो में उपलब्ध है, जो लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। योगी-मोदी का सिर में बांधने वाली पट्टी खासकर युवा अधिक पसंद कर रहे हैं। इसमें बीच में अयोध्या का श्रीराम मंदिर का चित्र आकर्षण का केंद्र है और यह प्रति पीस दस रुपये में उपलब्ध है। ये सभी माल दिल्ली कलकत्ता एवं अहमदाबाद से मंगाए गए हैं।

**खबर संक्षेप**

### दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे खुले हुए गड्ढे



**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में नालियों के ऊपर चेंबर ना होने बड़े बड़े गड्ढे निकल आने के कारण बाहनो के आवागमन में परेशानी हो रही है।इन गड्ढों में बाहन कब गिर बड़ी दुर्घटना घटित होने की अशंका बनीं रहती है।नगर के नवीन बस स्टैंड से लेकर नगरिया मंदिर के सामने तरफ भीतर विभिन्न सड़क मार्गों पर जगह जगह गड्ढे हो गए हैं जिनमें शीघ्र ही चेंबर बनाने की जरूरत है।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 10 को

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जिले में 14 मार्च को होली एवं 19 मार्च को रंग पंचमी त्यौहार शांति पूर्वक मनाये जाने के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार 10 मार्च को अपराह्न 4 बजे से आयोजित की जायेगी। यह जानकारी अपर जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

### 15 मार्च से होगा गेहूं उपार्जन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन 31 मार्च 2025 तक किए जाएंगे। गेंहू खरीदी उपार्जन अवधि 15 मार्च से 5 मई तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 व बोनस 175 रुपये इस तरह कुल 2600 रूपये निर्धारित किया है। सभी पंजीकृत किसान इस अवधि में अपनी उपज का विक्रय अपने नजदीकी गेहूं उपार्जन केंद्र में जाकर कर सकते है।

### नाले में डूबने से बालक की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के बंडोल थाना अंतर्गत सोनाडोंगरी गांव में नाले में डूबने से 11 वर्षीय बालक की मौत हो गईं। पुलिस ने सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि सोनाडोंगरी निवासी मस्तराम बरकड़े के परिवार के लोग खेत गए थे। इस दौरान उसका बेटा गौरव अनपे छोटे भाई के साथ पास के ही नाले में हाथ पैर धोने चला गया ।इस बीच गौरव अनियंत्रित होकर नाले में गिर गया। उसके छोटे भाई ने खेत में काम कर रही मां को गौरव के गिरने की बात बताई, जब तक स्वजन वहां पर पहुंचे तब तक गौरव की मौत हो चुकी थी।

### कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आवेदन 10 मार्च तक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में जनजातीय वर्ग के छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदाय करने की भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत प्रदेश के साथ जिले में विशिष्ट आवासीय विद्यालय, एकलव्य आवासीय विद्यालय घंसौर, कन्या शिक्षा परिसर सिवनी, कुरई, छपारा एवं लखनादौन संचालित हैं। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर प्राचार्य ने बताया कि संचालित विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा से केवल कक्षा 6 वीं में प्रवेश दिया जाता है। सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु कक्षा 5वीं में अध्ययनरत जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 10 मार्च तथा परीक्षा की तिथि 30 मार्च निश्चित है। जिले की प्राथमिक शालाओं में अध्ययनरत जनजातीय वर्ग के इच्छुक विद्यार्थी आवेदक कर सकते हैं।

## कंपनी द्वारा जिला प्रशासन को दी शिकायत

# रेत व्यापार को लेकर संघर्ष....



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले मे रेत व्यापार को लेकर लंबे समय से संघर्ष चलता आ रहा है। अवैध खनन कारोबारियों द्वारा जिला प्रशासन के साथ आंख मिचोली की रेत का अवैध खनन किया जाता रहता है। रेत के अवैध व्यापार को रोकने के लिये सरकार द्वारा शासन के नियमों के तहत माइनिंग कंपनी को ठेका दिया गया।



### कंपनी के कर्मचारियों के साथ मारपीट, तोड़फोड़

बीती रात अवैध खनन कारोबारियों द्वारा कंपनी के चैक पोस्ट पर हमला कर कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई जिसे लेकर कंपनी द्वारा जिला प्रशासन को शिकायत की गई। जिले में रेत के व्यापार को लेकर आये दिन घटनायें सामने आती रहती है। जिले के अवैध खनन कारोबारियों द्वारा शासन के नियमों को धता दिखाते हुये रेत का खनन किया जा रहा है जिसे रोकने का प्रयास कंपनी द्वारा किया जा रहा है जिसे लेकर अवैध खनन कारोबारियों व कंपनी के कर्मचारियों के बीच झड़प हो गई तथा अवैध कारोबारियों द्वारा कंपनी के चैक पोस्ट पर हमला कर दिया गया तथा कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई। कंपनी द्वारा पुलिस अधीक्षक व खनिज अधिकारी के नाम लिखित शिकायत देकर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग रखी।

### मामला इस प्रकार


बीती रात जिला मुख्यालय के करीब में बने रेत कंपनी की दादा महाराज के पास बनी चेकपोस्ट पर अवैध कारोबारियों द्वारा रात करीब 12 बजे हमला कर दिया गया। विंध्यवासिनी माइनिंग कंपनी द्वारा दी पुलिस अधीक्षक के नाम दी गई शिकायत मे बताया गया कि रेत माफियाओं द्वारा चैक पोस्ट पर तैनात दो कर्मचारियों सुभाष शाक्य और नितिन शाक्य के साथ मारपीट की। उनसे 12-15 हजार रुपए और ब्लूटूथ डिवाइस छीन लिए। बताया गया माफिया 50 से ज्यादा बदमाश लाठी-डंडे लेकर करीब 25 कार से पहुंचे थे। आवेदन मे बताया गया कि राजू राजपूत बदमाशों को लेकर पहुंचा



था। हमलावरों ने खनिज जांच नाका कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ की। सीसीटीवी कैमरे और फर्नीचर को नुकसान पहुंचाया। धमकी दी कि अगर जांच नाका चालू किया या रेत खनन जारी रखा तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। बदमाशों ने टट्टा पुल स्थित रेत खनिज जांच नाके पर भी जाकर वहां के कर्मचारियों को धमकाया।

### शासन को हो रही राजस्व की हानि

कंपनी के कर्मचारियों द्वारा दिये गये आवेदन में बताया गया है कि राजू नाम का व्यक्ति अवैध रूप से रेत का खनन और बिक्री कर रहा है। इससे सरकार को भारी नुकसान हो रहा है। राजू के खिलाफ नरसिंहपुर और गोटेगांव समेत अन्य कोर्ट में गंभीर आपराधिक मामले लंबित हैं। वह जमानत की शर्तों का उल्लंघन कर रहा है। कंपनी ने पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर और खनिज विभाग से शिकायत की है। साथ ही घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सभी रेत खनिज जांच नाकों पर सुरक्षा बढ़ाने की अपील भी की गई है। वहीं बताया जा रहा है कि रात में ही स्टेशनगंज थाना पुलिस मौके पर तस्दीक करने गई थी, लेकिन वहां कोई नहीं मिला।



### ठोस कार्रवाई करे प्रशासन

रेत व्यापार को लेकर हो रही घटनाओं पर जिला प्रशासन को गंभीरता से लेकर ठोस कार्रवाई करनी चाहिये जिससे जिले मे शांति व्यवस्था कायम रह सके। हालांकि बीते कई वर्षों से जिले मे रेत के व्यापार को लेकर खूनी संघर्ष हो चला आ रहा है जिसका खामियाजा लोगों को भोगना पड़ता है। प्रशासन को चाहिए की मामले की जांच कर ठोस कार्रवाई करे जिससे आने वाले समय में जिले की शांति व्यवस्था भंग ना हो। शासन द्वारा रेत व्यापार को लेकर हो रही घटनाओं व अपराधों को रोकने के लिए रेत खनन का ठेका शासन की शर्तों के आधार पर विंध्यवासिनी माइनिंग कंपनी को दिया गया है।

## प्राथमिक शाला में वितरित किया गया पोषण आहार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** वीरांगना क्लब ने रानी अवंती प्राथमिक शाला मे पोषण आहार का वितरण किया। संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज के प्रथम समाधि दिवस पर दीप प्रज्वलित कर बच्चों से णमोकार मंत्र का जप कराकर पूर्ण आयुर्वेद चिकित्सा केंद्र द्वारा प्रदत्त मुख्यमंत्री के आदेशानुसार सभी प्राथमिक शिक्षा केंद्रो पर पोषण आहार का वितरण हो। वीरांगना क्लब की पूर्व अध्यक्ष ली.पूनम जैन ने क्लब के सदस्यों के साथ पोषक आहार के साथ बिस्कुट टॉफी का वितरण भी कराया और बच्चों को इस आहार को किस तरह से सेवन करना है बताया सभी बच्चों की वार्षिक परीक्षा शुरु हो गई है,सभी बच्चों को सफलता हासिल हो शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष पूनम जैन, वर्तमान अध्यक्ष सविता महोबिया ,सचिव पूनम धुर्वे, कोषाध्यक्ष रजनी राजोरिया, रेनू नोरिया, प्रीति गोस्वामी, कार्यक्रम संरक्षक एव एरिया एडवाइजर ली रुपकला कटारे एवं पूर्व एरिया ऑफिसर अर्चना राय के मार्ग दर्शन में कार्यक्रम आयोजित हआ।



## हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को किया रवाना

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार व अखिलेश शुक्ला, प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर के निर्देशन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त लोक अदालत में न्यायालय के लंबित प्रकरणों के साथ ही बैंक, नगरपालिका, बीएसएनएल एवं विद्युत विभाग के प्री-लिटिगेशन प्रकरणो के अधिक से अधिक निराकरण किये जाने के संबंध में आम जनमानस के बीच प्रचार-प्रसार हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रचार प्रसार वाहन के साथ ही भारतीय स्टेट बैंक, विद्युत विभाग एवं नगरपालिका के प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त अवसर पर विशेष न्यायाधीश आलोक मिश्रा, जिला न्यायाधीश अखिलेश धाकड, श्रीमती रश्मिना चतुर्वेदी, नीतिराज सिसोदिया, वैभव सक्सेना, दिनेश मीणा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राकेश सनोडिया, जिला रजिस्ट्रार राधाकृष्ण यादव व अन्य न्यायाधीशगण के साथ ही एसबीआई, विद्युत विभाग व नगर पालिका के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नुक्कड़ नाटक का आयोजन दी जानकारी



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिवसीय निक्षय अभियान के तहत जिले में शिविर लगाकर मजदूरों और आम नागरिकों का ज्यादा से ज्यादा क्षय रोग की स्क्रीनिंग कर संभावित लोगों के खकार के सेंपल एकत्रित किये जा रहे हैं और उनका एक्स- रे भी कराया जा रहा है। अभियान को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से क्षय उन्मूलन जन जागरूकता के उद्देश्य से करेली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम केरपानी के सब्जी बाजार में ग्रामीणों को क्षय रोग के प्रति जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से टीबी से कैसे बचा जाये एवं टीबी के क्या लक्षण है, इसकी जानकारी भी शिविर के दौरान दी गई। उन्हें बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति को चलने मं सांस भरना, लगातार खांसी आना, भूख नहीं लगना, वजन कम होना, रात को पसीना आना जैसे टीबी के सामान्य लक्षण हो सकते हैं। इसके लिए निःशुल्क एक्स-रे करवायें। अगर मरीज टीबी पॉजिटिव आता है, तो उसको 6 माह तक दवाई लेना होती है, दवाई में किसी भी दिन का कोई गैप नहीं होना चाहिये। टीबी का मरीज दवाई लेने पर ठीक हो जाता है। टीबी कोई घातक बीमारी नहीं है। अगर जांच में मालूम पड़ जाता है कि किसी व्यक्ति को टीबी है, तो दवाई जरूर लेना चाहिये। दवाई का नियमित उपयोग करने से व्यक्ति पूर्ण स्वस्थ हो जाता है।

## कलार महिला मंडल ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस नगर कलार महिला मंडल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस अनोखे अंदाज मे मनाकर धर्म और संस्कृति की मिसाल पेश की। मंडल की पूर्व अध्यक्ष आरती राय के सौजन्य से इस कार्यक्रम को बहुत ही धार्मिक और शानदार तरीके से मनाया गया। मंडल की जितनी बहने, अन्य मंडल की भी जो बहने कुम्भ स्नान कर आई उन सभी का सम्मान कुम्भ मिलन समारोह आयोजित कर किया गया। सबसे पहले सभी बहनो केचरण पखारे, सभी को तिलक लगाकर आसन पर बैठाया। सभी ने गंगाजल से भरे कुम्भ की एवं गंगा मैया की पूजा की। सभी बहनो को पुष्पहार, नारियल, और चुनरी ओढ़ाकर सम्मान किया गया तथा भजन कीर्तन किया गया। इस कार्यक्रम मे मंडल की वरिष्ठ सदस्य गोदावरी राय, जयश्री राय, अर्चना राय, सरिता राय, स्वाति जायसवाल, प्रतिभा राय, मंडल अध्यक्ष प्रीति राय, सचिव दुर्गा राय, रेणु जायसवाल, रिन्की राय, लता राय, रत्ना राय, नेहा राय, कामिनी राय, साधना राय, ज्योत्सना राय, रौशनी राय, शचि चौकसे ,मंजु चौकसे, मनीषा राय, रश्मि जाट,सीमा तिवारी,सुनीता श्रीवास्तव, कीर्ति पटेल आदि महिलाओं का भी सम्मान किया गया।

## जनसुनवाई में लोगों द्वारा दिये गये 152 आवेदन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस मध्यप्रदेश शासन के पूर्व राज्यमंत्री एवं पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल ने विधायक निवास में जनसुनवाई आयोजित की गई इस अवसर पर आए जन सामान्य लोगों ने अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से बताया जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल ने संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए जानकारी लेकर समस्याओं का निदान कराया जनसुनवाई में



लगभग 152 आवेदनों की प्राप्ति हुई जिस पर संज्ञान लेते हुए उन्हें कार्यवाही हेतु आगे प्रेषित किया गया आमजनों के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहने वाले जनप्रिय समाजसेवी जालम सिंह पटेल द्वारा स्थानीय जनों की जनसमस्या हेतु प्रत्येक गुरुवार जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है जिसमें जिले भर से आए लोगों की बात सुन कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाता है उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया उक्त जनसुनवाई के अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारियों के साथ जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महंत पीतमपुरी पूर्व नपा अध्यक्ष राधेश्याम नेमा राजा कौशलेंद्र सिंह बंटी सलूजा सहित अनेक समाजसेवी जनप्रतिनिधि जनो की मौजूदगी रही

## होली और रमजान माह को लेकर शांति समीति की बैठक संपन्न

**तेंदूखेड़ा।** आपसी भाईचारा एक दूसरे के प्रति प्रेम स्नेह मिलन का त्यौहार होली पर्व तथा खुदा की इबादत का प्रमुख माह रमजान माह को लेकर पुलिस थाना ग्राउंड में शांति समीति की बैठक संपन्न हुई जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।बैठक में होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाये जाने किसी भी प्रकार के अव्यवहारिक रवैया को ना अपनाएं जाने।होलिका दहन स्थलों पर सुरक्षा पानी की व्यवस्था ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग ना करने रंग पेंट गोबर कीचड़ रंगों के उपयोग ना करने के साथ पानी की बर्बादी रोकने सूखी होली खेलने पर चर्चा हुई। साथ ही साथ नगर के विभिन्न स्थलों सार्वजनिक स्थलों पर खुलेआम शराब खोरी तांस के पत्ते खेलने नगर की मुख्य सड़क मार्गों मनचले ढंग से बाहन खड़े होने तथा वाहनों को लोड और खाली करने से बाहनों को निकलने में होने वाली परेशानी से बचने पुलिस द्वारा एक अभियान चलाया जाएगा जिसमें सभी वर्गों से सहयोग करने की चर्चा हुई।

## होलाष्टक की नकारात्मकता का मांगलिक कार्यों पर कोई प्रभाव नहीं

### आज से होलाष्टक प्रारम्भ

**तेंदूखेड़ा। रंगों के महापर्व होली के आठ दिन पहले से होलाष्टक प्रारम्भ हो जाता है। जिसके चलते विवाह मुण्डन यज्ञोपवीत नामकरण कर्णवेध अन्नप्राशन विद्यारंभ व्यापार ग्रहारम्भ गृहप्रवेश क्रय विक्रय सगाई आदि मांगलिक एवं शुभकार्य नहीं किये जाते हैं।**

इसके पीछे कई धार्मिक एवं वैज्ञानिक मान्यताएं भी हैं।होलाष्टक के दिनों में सूर्यादि सभी ग्रह उग्र होते हैं। ग्रहों की उग्रता के कारण शुभ कार्यों की शुभता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। होलाष्टक का प्रभाव सभी क्षेत्रों में एक समान नहीं है। होलाष्टक के प्रभाव के बारे में कुछ क्षेत्रों में भ्रम भी व्याप्त है। हमारे क्षेत्र के



विद्वान पौरोहित्य कर्मकाण्ड स्नातक आचार्य चतुष्टय वेदाचार्य पुराणाचार्य व्याकरण ज्योतिषाचार्य पं प्रमोद पचौरी ने बताया कि व्यास रावी सतलज के निकटवर्ती दोनों ओर स्थित नगर क्षेत्र (पंजाब और हिमाचल प्रदेश) और त्रिपुष्कर राजस्थान का पुष्कर क्षेत्र में होलाष्टक का दोष मानना शास्त्र सम्मत है।देश के अन्य शेष भू-भागों में होलाष्टक विचार का नियम लागू नहीं करना चाहिए। इसी शास्त्र मत के अनुसार हमारे क्षेत्र में विवाह आदि सभी मांगलिक कार्य निर्विवाद रूप से होते रहेंगे। हमारे क्षेत्र में मांगलिक कार्यों की शुभता पर होलाष्टक की नकारात्मकता का कोई प्रभाव नहीं रहेगा।